विभिन्न न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायमूर्ति एवं संरक्षक रमेश सिन्हा के दिशा-निर्देश एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर गौतम भादुड़ी के मार्गदर्शन तथा जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के कुशल नेतृत्व में आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ खरसिया, भटगांव तथा बिलाईगढ़ में आयोजित किया गया।

आयोजित उक्त नेशनल लोक' अदालत के अवसर पर सर्वप्रथम जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया। उक्त कार्यक्रम में प्रबोध टोप्पो, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सहित समस्त अपर जिला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला अधिवक्ता संघ से सचिव शरद पाण्डेय सहित अन्य अधिवक्तागण तथा राजीनामा के लिये उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायालय भ्रमण कर प्रत्येक खण्डपीठ में जाकर पक्षकारों का तथा पीठासीन अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया तथा वहां पर पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यमों से प्रकरण निराकृत करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही प्रत्येक खण्डपीठ में जाकर पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों को उनके सहयोग से बातचीत द्वारा प्रकरणों के राजीनामा से निराकरण में महती भूमिका, उद्देश्य एवं महत्व के विषय में बताया गया।

जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 'स्वच्छ भारत' का संदेश दिया। नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता एवं कुशल नेतृत्व में जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ।

जिला एवं तहसील न्यायालयों तथा राजस्व न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले, राजस्व मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 5527 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 25306 को राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिये लोक अदालत में रखा गया। इस प्रकार रखे गये कुल 30833 प्रकरणों में से लंबित 4789 एवं प्रीलिटिगेशन 16765 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 21554 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 106904692 रूपये का सेंटलमेंट हुआ। राजीनामा के आधार पर न्यायालयों में लंबित 05 वर्ष से अधिक अवधि के 22 प्रकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के 19 एवं महिलाओं के लंबित 23 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारें के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/ दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 15425 मामले रखे गये जिनमें से 15322 मामलों का निराकरण लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ ने किया। नगर निगम रायगढ़ एवं सारंगढ़ के वाटर बिल व अन्य से संबंधित 1353 मामले रखे गये जिनमें से 1353 मामलों का निराकरण हुआ।

चेक बाउन्स मामले में विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से हुआ मामले का निराकरण

खण्डपीठ क्र.-10 पीठासीन अधिकारी प्रवीण मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रायगढ़ के द्वारा धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामले का अभियुक्त जो कि लकवाग्रस्त हो गये हैं और न्यायालय आने में असमर्थ थे, उनपर चेक बाउन्स का 1,34,891 रूपये का मामला लंबित था, के मामले में विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से अभियुक्त से राजीनामा पर चर्चा करने के उपरान्त मात्र 80,000 रूपये तय कर मामले में राजीनामा कराया गया। इस प्रकार 05 वर्षों से लंबित चले आ रहे मामले का राजीनामा के माध्यम से सफलतापूर्वक निराकरण हुआ।

बच्चों की शिक्षा तथा कार्य को लेकर पति- पत्नी के मध्य वैचारिक मतभेद का हुआ समापन

खण्डपीठ क्र- 24 पीठासीन अधिकारी प्रिया रजक, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, धरमजयगढ़ के द्वारा परिवाद प्रकरण में, जिसमें उभयपक्ष के मध्य धरमजयगढ़ में रहकर कार्य करने को लेकर तथा बच्चों की अच्छी पढ़ाई-लिखाई नहीं होने के संबंध में भी विवाद था, उक्त वैचारिक मतभेद को समझाईश देकर राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। उभयपक्ष इस बात को लेकर सहमत हुए कि वे साथ-साथ रहेंगे तथा आवेदिका जो कार्य करना चाहती है, वह करती रहेगी और ग्राम गेरसा से धरमजयगढ़ में बच्चों की शिक्षा-दीक्षा भी अच्छे ढंग से कराएंगे तथा तत्पश्चात अनावेदक अपने बच्चों और पत्नी को लेकर ग्राम गेरसा चला जाएगा।

तलाक भूलकर पति-पत्नी के मध्य पुन: मधुर संबंधों का हुआ पुनरुथापन- खण्डपीठ क्र. 15 पीठासीन अधिकारी कु.राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सारंगढ़ के द्वारा विवाह-विच्छेद के मामले में समझाईश दिये जाने के परिणामस्वरूप उभयपक्ष, जो आपस में पति-पत्नि हैं, राजीनामा हेतु तैयार हो गये और आवेदक एक इकरारनामा पेश किया, जिसके अनुसार आवेदक के द्वारा निर्मित दो मंजिला मकान पर अनावेदिका एवं उनके दोनों पुत्रों के नाम बतौर सह खातेदार दर्ज कराने के लिये सहमति दी गई। साथ ही उभयपक्ष साथ रहकर अपने दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करने हेतु भी तैयार हुए। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में उभयपक्ष के मध्य लंबित विवाद समाप्त होकर, उनके मध्य मधुर संबंध पुन: स्थापित हुआ।

महत्वपूर्ण एवं खास

तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। जिले के छुरा क्षेत्र में एक जंगली तेंदुए ने आतंक मचा रखा है. तेंदुए ने आज सुबह क्षेत्र के सरायपाली गांव में एक अधेड़ महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई है. घटना के दौरान आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने मिल कर तेंदुए को किसी तरह भगा कर महिला की जान बचाई और तत्काल उसे उपचार के लिए छुरा के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. वहीं जानकारी मिलने पर छुरा रेंजर धीरेन्द्र साहू घायल महिला के उपचार का जायजा लेने हेतु स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, सरायपाली निवासी तुलसी बाई गोंड़ (60 वर्ष), पति- स्व. जेठूराम गोंड़, सुबह लगभग 5.30 बजे काम करने अपने खेत जा रही थी. इसी दौरान जंगली तेंदुए ने महिला पर अचानक हमला कर दिया जिससे महिला बुरी तरह जख्मी हो गई. राहत की बात यह रही कि आस-पास कुछ ग्रामीण मौजूद थे, जिन्होंने तुरंत हिम्मत दिखाकर तेंदुए को खदेड़ा और उनकी जान बचा ली. फिलहाल महिला की हालत ठीक बताई जा रही है।

बच्ची के स्कूल बैग से निकला नाग

मैनपुर-रायपुर (आरएनएस)। मैनपुर विकासखंड के खामभठा में रहने वाली 5वीं क्लास की छात्रा हर रोज की तरह आज भी 6 किलोमीटर का सफर तय कर अपने स्कूल पहुंची. स्कूल पहुंचकर जैसे ही उसने अपना बस्ता खोला उसमे बैठे नाग सांप को देखकर वह चिल्ला पड़ी. सांप की बात सुनकर स्कूल में भी हडक़ंप मचा गया. आनन-फानन में स्कूल के शिक्षकों बैग को क्लासरूम से बाहर निकाला. दरअसल, मैनपुर विकासखंड के नाउमुड़ा में संचालित आत्मानंद स्कूल में पढऩे स्कूल आई 5वीं की छात्रा के स्कूल बैग से कोबरा नाग का बच्चा निकला है. छात्रा को इस बात का अंदाजा भी नहीं था की वह जहरीले सर्प को अपने पीठ पर लादकर स्कूल पहुंच गई थी. छात्रा इस खतरे से बिलकुल अनजान थी।

अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाई

वाहन में लोड 7 टन अवैध कबाड़ के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

थाना पूंजीपथरा द्वारा अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ ग्राम पाली में कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक 06 चक्का वाहन में अवैध कबाड़ लोड कर ग्राम पाली की ओर जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी ने सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) विजय एक्का को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

एएसआई विजय एक्का ने अपने सहयोगी आरक्षकों के साथ ग्राम पाली के पास स्थित मां काली प्लांट के समीप संदिग्ध 06 चक्का अल्ट्रा वाहन (क्रमांक CG 12 AT 5791) को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में काफी मात्रा में लोहे के छड़ और कलपुर्जों के टुकड़े लदे हुए पाए गए। जब वाहन चालक अशोक कुमार अग्रवाल, पिता स्वर्गीय मुरली लाल अग्रवाल, उम्र 52 वर्ष, निवासी बांकी मोंगरा, जिला कोरबा, से कबाड़ के दस्तावेजों की मांग की गई, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ रहा। पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार अग्रवाल के कब्जे से 7 टन अवैध कबाड़ जिसकी अनुमानित कीमत 1,40,000 रुपये है, को जप्त किया। साथ ही, 06 चक्का अल्ट्रा वाहन (क्रमांक CG 12 AT 5791) को भी जप्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना पूंजीपथरा में धारा 35(क)(ड) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का के साथ आरक्षक उमा शंकर भगत और निर्दोष लकड़ा भी शामिल थे। जिले में अवैध कबाड़ व्यापार के खिलाफ लगातार ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

ग्राम भेलवाड़ीह में खरसिया पुलिस की जुआ रेड कार्यवाई, जुआ खेलने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार, 10,050 रुपए जब्त

रायगढ़

खरसिया पुलिस ने ग्राम भेलवाड़ीह में जुआ खेलने के खिलाफ छापेमारी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया और मौके से 10,050 रुपये की नकदी व 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की। यह कार्रवाई थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में की गई।

आज दोपहर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भेलवाड़ीह स्थित पंचमुखी मंदिर के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर घेराबंदी कर छापेमारी की, जिसमें 5 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। हालांकि, कुछ लोग पुलिस को देखकर भाग गए।

पकड़े गए आरोपियों के नाम :

1. अनिल राठौर (पिता सेतराम राठौर, उम्र 29 वर्ष, निवासी सपीदा)
2. राजू उर्फ राजकुमार अग्रवाल (पिता प्रेमचंद अग्रवाल, उम्र 46 वर्ष, निवासी आईटीआई कॉलोनी, खरसिया)
3. छबि लाल यादव (पिता चमार सिंह यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी ठाकुरदिया, खरसिया)
4. लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल (पिता कन्हैया लाल जायसवाल, उम्र 55 वर्ष, निवासी महुआपाली, सेंट जॉन स्कूल के पास, खरसिया)
5. शहीदुल शेख (पिता तहजीब आलम शेख, उम्र 21 वर्ष, निवासी यदुमदन नगर टिफरा, थाना सिरगिट्टी, बिलासपुर)

मौके पर इन आरोपियों के कब्जे से 10,050 रुपये नकद और 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

इस छापेमारी में थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के साथ सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, अशोक, रमेश, और राम भजन शामिल थे।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित : विभिन्न फसल के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने व फसल विविधीकरण अपनाने हेतु दी गई सलाह

रायगढ़

कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विद्यालय रायपुर, डॉ. गिरिश चंदेल के मार्गदर्शन, डॉ. एस.आर.के. सिंह निदेशक, आई.सी.ए.आर. कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के दिशा-निर्देश एवं निदेशक विस्तार सेवायें डॉ.एस. एस.टुटेजा इं.गां.कृ.वि.रायपुर के अध्यक्षता में 20 सितम्बर को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, कोरबा में किया गया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़, कोरबा, जशपुर एवं जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रगतिशील कृषकों व कृषक महिलाओं की भागीदारी रही।

कार्यक्रम में कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल द्वारा ऑनलाईन माध्यम से बैठक को संबोधित किए। इस बैठक में चारों जिले के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के विगत वर्ष की गतिविधियों के परिणाम एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना संबंधी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की आगे कड़ी में निदेशक विस्तार सेवायें डॉ.एस.एस.टुटेजा इं.गां.कृ.वि. रायपुर द्वारा कृषकों को खेती के वैज्ञानिक तकनीक को अपना कर विभिन्न फसल के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने व फसल विविधिकरण अपनाने हेतु सलाह दिये। डॉ.एस.एस.पोर्ते, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोरबा द्वारा कृषकों को टिकाऊ खेती हेतु गौआधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए सलाह दिये।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग, बीज निगम व अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कृषकों द्वारा अपने-अपने जिले की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा किये साथ ही आवश्यक सुझाव दिये। इस बैठक में डॉ.बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ.के.के.पैकरा, वैज्ञानिक (सदस्य विज्ञान),डॉ.के.डी. महंत, वैज्ञानिक(मृदा विज्ञान), डॉ.सविताआदित्य,वैज्ञानिक(कीट विज्ञान), डॉ.सी.पी.एस. सोलंकी, वैज्ञानिक(पशुपालन)कृषि विज्ञान केन्द्र, सुभाष सोनी, सहायक संचालक कृषि, योगेश चन्द्रा, पशु चिकित्सा अधिकारी, श्रीराम विलास पटेल आकाशवाणी एवं प्रगतिशील कृषक दादूराम चन्द्रा(खरसिया), सीताराम पटेल(तेलीपाली, पुसौर), नारायण गबेला(कटौद, खरसिया), मुकेश चौधरी(नवापाली, बरमकेला) तथा ग्राम-जामपाली के महिला स्व-सहायता समुह के सदस्य रेखा महंत व मिथिला पटेल आदि की सहभागिता रही।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चक्रधर नगर में मनाया गया पोषण सप्ताह

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर रायगढ़ में आज पोषण जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित हुआ। बढ़ते बच्चों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सस्ते सुलभ साधनों से पौष्टिक तत्व हम प्राप्त कर सकते हैं। इस बात को बच्चों के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाना है।

पोषण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता, नाटिका, गीत एवं स्टॉल लगाने का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शुगर तथा तेल से रहित पौष्टिक भोजन बनाकर अपने कौशल को प्रदर्शित किया। उनके द्वारा अंकुरित मिश्रित अनाज की चाट, टमाटर सूप, भोइ नीम का जूस, जौ की खीर, खीरा, करेला, टमाटर का जूस, बनाना शेक, पालक पराठा, पौष्टिक पैन केक, ड्राई फ्रूट्स के लड्डू, दलिया के लड्डू, प्रोटीन शेक ढोकला, चीला तथा चटनी, फुरट सलाद, सूजी का केक, पौष्टिक कस्टर्ड, साबूदाना खीर, मूंगफली मखाना नमकीन, मूंग पिज्जा, पौष्टिक पास्ता, पौष्टिक नूडल, सोया मंचूरियन, मूंग और मूंगफली का सलाद तथा नमकीन सत्तू जैसे विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गये। विद्यालय के प्राचार्य राजेश डेनियल के उत्साह वर्धन एवं व्याख्याता रश्मि वर्मा राज्यपाल पुरस्कृत के संपूर्ण मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग से नेहा अग्रवाल की भी उपस्थिति ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार सराफ, रमेश शर्मा, व्ही शुक्ला संकुल शैक्षिक समन्वयक मनोज पटेल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए चलाया जा रहा आपके द्वार आयुष्मान अभियान : आयुष्मान पखवाड़ा 30 सितंबर तक होगा आयोजित

रायगढ़

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में 20 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस दौरान घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीकरण किया जा रहा है।

पखवाड़े के दौरान हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का पंजीयन के लिए आपके द्वार आयुष्मान अभियान चलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आयुष्मान चौपाल और सभा का भी आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष्मान भारत साइकिल एवं बाइक रैली, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, स्वास्थ्य दौड़ का आयोजन समेत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान आयुष्मान कार्ड कैंपेन आंगनवाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, वृद्धा आश्रम व अन्य जगहों पर आयोजन करते हुए ग्रामवासियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। स्वच्छता शपथ के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड के लाभ व हितग्राहियों के अनुभव सांझा करना, आयुष्मान कार्ड में ब्लॉकिंग करने वाले स्वास्थ्य संस्थाओं को पुरस्कृत करना, बच्चों में निबंध, खेलकूद व चित्रकारी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

आयुष्मान पखवाड़ा में पूरे जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा। योजना के सफल क्रियान्वयन में योगदान देने वाले अस्पतालों, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

स्वच्छता ही सेवा के तहत जिले के स्कूलों में आयोजित हुए विविध प्रतियोगिता

❐ गांवों में निकाली गई स्वच्छता रैली, ली गई शपथ

रायगढ़

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने, सामुहिक रूप से अपने गॉव क्षेत्र को स्वच्छ रखने, स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। इस वर्ष 10 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शासकीय स्कूलों में सामुहिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता दौड़ एवं स्वच्छता रैली, स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राईंग प्रतियोगिता एवं स्कूल परिसर में एक पेड़ में मां के नाम वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इसी तरह गांवों में महिलाओं द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई एवं स्वच्छता की शपथ ली गई।

जिसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल टारपाली, कुंजेमुरा, हायर सेकेण्डरी स्कूल कछार, माध्यमिक शाला पुसल्दा, स्वामी आत्मानंद स्कूल खरसिया, हायर सेकेण्डरी स्कूल कोलम, हाई स्कूल बहिरकेला, महलोई, गेरवानी, किरीतमाल, प्राथमिक शाला बड़े भंडार, कछार, आरमुड़ा, कोतासुरा, टिनमिनी, छोटे भण्डार, छिछोर उमरिया, बोंदा, धनवारडेरा, हाई स्कूल नंदेली, महापल्ली, माध्यमिक शाला चिराईपानी, प्राथमिक शाला बघनपुर, धनागर, देलारी, तिलगा, तरकेला, सम्बलपुरी, प्राथमिक शाला भूपदेवपुर, सांगीतराई, नकना, सराईपाली, कूपाकानी, सिहा,शंकरपाली, केनसरा, छुहीपाली, नगोई, दक्षिणेरेगॉव, नावापारा पं., नावापारा पूर्व, राजपुर, बसंतपुर, फुटहामुड़ा, छोटे मुड़पार, एवं अन्य स्कूलों में कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संबंधित स्कूल के प्राचार्य, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, शिक्षकगण, स्कूली छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480